प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

समेटी–उत्तराखण्ड, प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रशिक्षण का सफल आयोजन

पन्तनगर। 23 सितम्बर 2023। संस्थान द्वारा 'रबी फसलोत्पादन उन्नत तकनीक' विषयक प्रशिक्षण का आयोजन सितम्बर 21–23, 2023 तक किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल ने प्रतिभागियों से कहा कि कृषक फसलों के नवीनतम प्रजातियों और उन्नत सस्य तकनीक अपनाकर अपने फसलों से भरपूर उपज एवं परिणामस्वरूप अपने आय में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति की जननी पंत विश्वविद्यालय कृषकों के सहयोग एवं उत्थान हेतु कृत संकल्प है। उन्होंने कृषकों से अपील किया कि आगामी पंतनगर किसान मेला अक्टूबर 13–16, 2023 को आयोजित किया जा रहा है, इसमें आप सभी बढ़–चढ़ कर भाग लें। डा. बी.डी. सिंह, प्राध्यापक (सस्य विज्ञान) एवं समेटी समन्वयक ने प्रशिक्षण के उद्घाटन अवसर पर प्रतिभागियों का स्वागत करने के साथ–साथ समेटी द्वारा सम्पादित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम, विभिन्न प्रशिक्षणों की रूप–रेखा इत्यादि के बारे में विस्तार से चर्चा किये। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा रबी धान्य फसलों की वैज्ञानिक खेती, रबी फसलों की उन्नत प्रजातियां एवं उनके गुण, रबी दलहन एवं तिलहनी फसलों की उन्नत खेती, समन्वित उर्वरक प्रबन्धन, सिंचाई प्रबन्धन, खरपतवार प्रबन्धन, पर्वतीय क्षेत्रों हेतु विकसित सस्य तकनीक, मोटे अनाजों की वैज्ञानिक खेती, रबी फसलों के प्रमुख कीट रोग प्रबन्धन इत्यादि के बारे में व्याख्यान दिया गया। प्रतिभागियों द्वारा व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने हेतु फसल उत्पादन केन्द्र का भ्रमण भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद–नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल, रूद्रप्रयाग, ऊधम सिंह नगर एवं अल्मोड़ा के कृषकों द्वारा भाग लिया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल।

निदेशक संचार